
# तेरह वर्षों में भाजपा सांसद देवजी की उपलब्धि शून्य : पुखराज पाराशर



भीनमाल पंचायत समिति हॉल में जन अभियोग निराकरण समिति के चेयरमैन पुखराज पाराशर, मंत्री सुखराम विश्नोई, पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**भीनमाल**, (निसं)। 'भाजपा के सांसद देवजी पटेल के तेरह वर्षों की उपलब्धि जीरो है। सांसद देवजी तेरह वर्षों तक जालोर सिरोही लोकसभा क्षेत्र में एक भी गिनाने लायक कार्य की उपलब्धि हासिल तक नहीं कर पाये है। प्रथम कार्यकाल में सांसद जालोर में रेलवे की पटरियों पर बैठ गये थे अपौर कह रहे थे कि मैं यहां से तब तक नहीं उठूंगा जब तक जालोर में यात्री रेल सुविधाएं शुरू नहीं हो जाती है। मगर आज तेरह वर्षों के बाद भी कांग्रेस द्वारा शुरू करवाई गई रेलें ही दौड रही है। जबकि अब सांसद रेल सुविधा की मांग तो छोडों और जालोर सिरोही की रेल सुविधाओं के लिए संसद तक में नहीं बोलते है'। यह बात जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने आज भीनमाल में स्थानीय पंचायत समिति सभा भवन में आयोजित उनके स्वागत सम्मान और जनसुनवाई कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि रा य में गहलोत सरकार ने गत ढाई वर्षों में उल्लेखनीय कार्य किये है और आगे भी हमारी सरकार उल्लेखनीय कार्य करेगी।

पाराशर ने सांसद को चैलेंज करते हुए कहा कि सांसद के तीन कार्यकालों की कोई भी उल्लेखनीय उपलब्धि हो तो सांसद स्वयं बता सकते है। पाराशर ने कहा कि भाजपा के लोगों की यह आदत सी हो गई है कि कोई भी कार्य जब हमारी सरकार पूरा करने वाली होती है तो वे उससे पहले उसी विषय पर धरना प्रदर्शन और पदयात्रा करने की तैयारी करने लग जाते है। हमारी सरकार जब सितम्बर में नर्मदा का पेयजल भीनमाल क्षेत्र तक पहुंचाने वाली है तो उससे पहले इन लोगों ने पदयात्रा कर इसका क्रेडिट लेना चाहा है मगर यह जनता जनार्दन है सब समझती है। पाराशर ने कहा कि आगामी एक दो माह में ही जिले की सभी सड़कों पर पेचवर्क पूर्ण हो जायेंगा।

राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई ने कहा कि गर हमारे भीनमाल के विधायक चाहते तो वर्ष 2016 में ही तत्कालीन मुख्यमंत्री से मांग करके नर्मदा का पानी भीनमाल ला सकते थे मगर इन्होंने यह नहीं किया और अब हमारी सरकार सितम्बर माह में पानी पहुंचाने पर दु त गति से कार्य कर रही है तो इनको धरना प्रदर्शन अब याद आ रहा है इनकी सरकार में तो इनको कुछ याद रहता ही नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता ने वोट हमको दिए हैं, तो हमको जवाब भी जनता को देना पड़ेगा।

मंत्री ने कहा कि भीनमाल को जल्दी से जल्दी पानी मिले यही हमारा प्रयास है। आने वाले ढाई साल में हर घर के अंदर नल पहुंच जाए यही हमारा लक्ष्य है। एक विधानसभा पर 12 सौ करोड रुपए सड़कों पर खर्च हुए।

कार्यक्रम में पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी ने कहा कि जो समय के साथ चलता रहेगा, वह अवश्य सफलता पाता है। हम सब मिलकर लोगों की समस्याओं का यादा से यादा समाधान कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि नेताओं से जब तक हिसाब-किताब नही लोगे तब तक नेता जवाब नही देंगे। अगर हिसाब नही लोगे तो पानी, बिजली व सडक नही आएगी। देवासी ने कहा कि भाजपा को अब धरना याद आया है इतने दिन कहा गए थे। कार्यक्रम को विधायक पूराराम चौधरी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान करीब दर्जनभर से यादा समाजों व सामाजिक संगठनों ने पुखराज पाराशर को माल्यार्पण कर साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मंच संचालन श्रवणसिंह दासपां ने किया।

इस दौरान विधायक पूराराम चौधरी ने भी पाराशर को साफा पहनाकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विमला बोहरा, उपाध्यक्ष प्रेमराज बोहरा, सेवादल के जिलाध्यक्ष पुखराज विश्नोई, पूर्व प्रत्याशी उमसिंह चांदराई, पूर्व प्रधान देराम विश्नोई, सुनिल मेहता, पूर्व पालिकाध्यक्ष जीएम परमार, हीरालाल बोहरा, वागसिंह पूनक, प्रधान किरण भारतीय, रमिला मेघवाल, सीएल गहलोत, एडवोकेट शिवनारायण विश्नोई, एडवोकेट अजमत अली सैय्यद, भूपेन्द्रसिंह दूदिया, जगतपालसिंह झाब, राजेश बालोटिया, सुनिल पेन्टर सहित बडी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति हॉल के खचाखच भर जाने व बाहर लगा पांडाल भी भर जाने के कारण लोग पंचायत समिति परिसर व बाहर सडक पर तक खडे रहे।

इससे पूर्व नाहर अस्पताल में एसबी नाहर, पीके कोठारी, जुगराज लंगर व अशोक सेठ के नेतृत्व में स्वागत सम्मान किया गया। इससे पूर्व पांच कुआं, बालसंमद बांध सहित विभिन्न स्थानों पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व नगरवासियों द्वारा पाराशर का स्वागत किया गया।

# नागणेशी माता मंदिर में भंडारा महोत्सव हुआ



जालोर के सिरे मन्दिर सड़क मार्ग पर स्थित नागणेशी माता मंदिर के प्रांगण में कल्याण नाथ महाराज के देवलोकगमन के बाद समाधि पूजन व भंडारा महोत्सव आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर के सिरे मन्दिर सड़क मार्ग पर स्थित नागणेशी माता मंदिर के प्रांगण में कल्याण नाथ महाराज के देवलोकगमन के बाद समाधि पूजन व भंडारा महोत्सव रविवार को भैरू नाथ जी का अखाड़ा एवं सिरे मन्दिर के महंत गंगा नाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में लेटा महंत रणछोड़ भारती महाराज , जागनाथ मठ नारणावास के महंत महेंद्र भारती , महंत लेहर भारती , महंत काशी नाथ , कटकेश्व मठ के महंत कुलदीप भारती, आनंद नाथ , रेवती नाथ ,गोविंद नाथ, प्रेम नाथ ,मिठड़ी मठ के महंत सौरम भारती , विष्णु स्वरूप महाराज , रमेश भारती वराडा , महावीर गिरी ,जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग , आनन्द सिंह,देसू , रूप सिंह नारणावास , सुमेर सिंह धानपुर, अमर सिंह महेश पुरा ,तख्त सिंह पहाड़पुरा, सत्यपाल सिंह पहाड़पुरा , चंदन सिंह सांडन , नारायण सिंह केशवना आदि की मौजूदगी में भंडारा महोत्सव आयोजित हुआ।

सिरे मन्दिर के महंत गंगा नाथ ने कहा कि सत्य के मार्ग पर चल कर भलाई के कार्य करने चाहिए । उन्होंने कहा कि हमे नशे पते से दूर रहना चाहिए।

लेटा मठ के महंत रणछोड़ भारती ने भक्तों से आव्हान किया कि वे अपने बच्चो को अच्छे संस्कार दे जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जीवन में भलाई एवं परोपकार के कार्य करने चाहिए। सन्त महात्माओं का फूलमालाओं से अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ,रूप सिंह नारणावास, सुमेर सिंह धानपुर ,अमर सिंह महेश पुरा ,तख्त सिंह पहाड़पुरा , चंदन सिंह साडन , इंदर सिंह भागली ,रतन सिंह मोंक , भवर सिंह थलुन्डा , महावीर सिंह पणवा , खीम सिंह बागरा , ओट सिंह रायथल ,नाथू सिंह तीखी ,तेज सिंह निम्बलाना,महेंद्र सिंह चुरा, तेज सिंह चुरा ,गणेशाराम चौधरी, हीरा राम माली, ,अभय सिंह आदि मौजूद थे। इस मौके को लेकर मिठड़ी मठ के महंत सौरम भारती के सानिध्य में भजन संध्या हुई। जिसमें धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी गई।

# हनुमान बेनीवाल ने रैली की



बालोतरा में आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल ने सभा को सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा** , (निसं)। बाड़मेर जिले के बालोतरा में रविवार सुबह 5 बजे रैली रालपा सांसद हनुमान बेनीवाल ने रैली को सम्बोंधित किया।

शनिवार को बालोतरा में रात्रि के समय हनुमान बेनीवाल की एक रैली होने की बात कही जा रही थी। इसकी जानकारी के बाद दूर-दूर से सैकडों की संख्या में युवा व पार्टी के समर्थक बालोतरा में जमा होना शुरू हो गए, लेकिन देर रात तक हनुमान बेनीवाल बालोतरा नहीं पहुंचे। रविवार सुबह तडके 4.00 बजे बालोतरा शहर में डीजे की आवाज के साथ धमाल मचाना शुरू हो गया।

देखते ही देखते बडे काफिले के साथ तड़के5.00 बजे बालोतरा के नया बस स्टैंड के समीप हनुमान बेनीवाल की एक अद्भुत अद्वितीय रैली हुई। लोग जब सो रहे थे तो डीजे और हनुमान बेनीवाल के दमदार भाषण की आवाज सुनकर बालोतरा जग गया। जब लोग घरों से बाहर आकर की सभा स्थल की तरफ गए तो आंखें फटी की फटी रह गई। देखा कि हजारों की तादाद में समर्थक खडे हैं।

इस दौरान पुलिस का भारी जाब्ता मौजूद रहा। ज्ञात रहे हनुमान बेनीवाल 27 जून को जोधपुर में होने वाली युवा हुंकार रैली को लेकर के अपने तूफानी दौरे पर हैं। बेनीवाल बाडमेर जैसलमेर जोधपुर नागौर के विभिन्न स्थानों पर रैली कर रहे हैं।

बालोतरा के लोग जब उठे तब तक हनुमान बेनीवाल ने सुबह-सुबह जल्दी अपनी रैली करके विशाल काफिले के साथ जोधपुर की तरफ रवाना हो गए। इस रैली के दौरान आरएलपी की जिला अध्यक्ष उम्मेदाराम बेनीवाल, कल्याणपुर ब्लाक अध्यक्ष थान सिंह डोली सहित कई नेता और हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## मरूधरा बैंक की ए.टी.एम. वैन का लोकार्पण आज

**जालोर**, (कासं)। नाबार्ड की ओर से वित्तिय समावेशन निधि के तहत वित्त पोषित राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक की ओर से जालोर क्षेत्र को समर्पित मोबाईल एटीएम वैन लोकार्पण कार्यक्रम एवं ऋण वितरण शिविर का आयोजन 27 जून को जालोर क्लब में जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर के मुख्य आतिथ्य में होगा।

बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मदनलाल ने बताया कि राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक द्वारा सोमवार को दोपहर 2 बजे जालोर क्लब राजेन्द्र नगर जालोर में जिले को मोबाईल एटीएम वैन समर्पित की जायेगी। वही ऋण वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। लोकार्पण व ऋण वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जन अभाव अभियोग निराकरण समिति अध्यक्ष पुखराज पाराशर होंगे। अध्यक्षता कलैक्टर निशांत जैन करेगे। विशिष्ट अतिथि नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक व जिला विकास प्रबंधक जालोर- सिरोही डॉ. दिनेश प्रजापत, राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक के.एन. द्विवेदी व मरूधरा ग्रामीण विकास बैंक के प्रधान कार्यालय जोधपुर के मुख्य विकास अधिकारी अभिमन्यु चारण मौजूद रहेंगे।

# विद्यार्थियों ने सीखे मजबूत तैयारी के गुर



उत्कर्ष क्लासेस द्वारा जयपुर में यू.पी.एस.सी. सहित स्टेट सिविल सेवा परीक्षा के लिए प्रयासरत विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला क आयोजन किया गया।

**जोधपुर/जयपुर**, (का.सं.) । उत्कर्ष क्लासेस द्वारा रविवार 26 जून को राजधानी जयपुर में यूपीएससी सहित स्टेट सिविल सेवा परीक्षा के लिए प्रयासरत विद्यार्थियों हेतु आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों व एक्सपर्ट राय से विद्यार्थियों को लाभान्वित किया। कार्यशाला में सीनियर आईएएस अधिकारी डॉ. समित शर्मा सहित संस्था निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत और एकेडमिक हेड डॉ. कुलदीप सिंह शेखावत ने अभ्यर्थियों का पथ प्रदर्शन करते हुए उन्हें संबंधित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक गुरुमंत्र प्रदान किए। इस दौरान सभी विशेषज्ञों ने अभ्यर्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों के जवाब देते हुए परीक्षा संबंधी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

सीनियर आईएएस अधिकारी डॉ. समित शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशासनिक सेवा को एक वृहद कैनवास के रूप में बताया जिसमें एक अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में आने वाले समाज के विभिन्न वर्गों के प्रति उत्तरदायित्व निभाता है। उन्होंने सफल जीवन के लिए सही समय पर सही लक्ष्य को चुनना तथा उसे प्राप्त करने के लिए उचित मार्गदर्शन का अनुसरण करना आवश्यक बताया। साथ ही पढाई याद न रहने की समस्या से निकलने तथा अध्ययन सामग्री को लॉन्ग टर्म मेमोरी में रखने के वैज्ञानिक तरीके विद्यार्थियों के साथ साझा किए।

इस दौरान उत्कर्ष के संस्थापक व निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने कार्यशाला में शामिल विद्यार्थियों व अभिभावकों से वर्चुअल माध्यम से जुड कर उनके साथ अपने विचार साझा करते हुए कहा कि असफल व्यक्ति की बातों को सुनने के बजाय एक सफल व्यक्ति के पदचिन्हों पर चलकर निश्चित रूप से कामयाबी हासिल की जा सकती है। उन्होंने धैर्य और अंत:प्रेरणा से मेहनत करने को सफलता का मजबूत आधार बताया और विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य को पाने के कारणों को जानने के साथ स्वप्रेरित रहने को कहा तथा साथ ही सकारात्मक सोच व प्रेरित करने वाले मित्रों के चयन को महत्त्वपूर्ण बताया। विद्यार्थियों द्वारा पूछी गई जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए डॉ. गहलोत ने कोर्स के शुल्क में अनुप्रति योजना द्वारा लाभ उठाने एवं सेल्फ स्टडी व कोचिंग की अहमियत के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला का समापन करने से पूर्व एकेडमिक हेड डॉ. कुलदीप शेखावत ने संस्था द्वारा स्नातक कर रहे विद्यार्थियों के लिए रखे जाने वाले आईएएस व आरएएस परीक्षाओं की तैयारी के लिए तीन वर्षीय विशेष बैच की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिसमें उन्होंने बताया कि इस विशेष बैच का प्रथम वर्ष 30 जून से नवंबर तक द्वितीय वर्ष 1 जून, 2023 से नवंबर, 2023 तथा तृतीय वर्ष फिर 1 जून से नवंबर तक आयोजित होगा।

इसमें अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम के अलग-अलग बैच होंगे।

## जालोर के रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास आज

**जालोर**, (कासं)। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं लोकसभा सांसद देवजी एम. पटेल सोमवार को विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

वहीं जालोर में पिछले कई सालों से ओवरब्रिज की मांग कर रहे लोगों को सोमवार को रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया जा रहा है। जिससे रेल्वे फाटक पर लोगो को परेशान नही होना पड़ेगा। ओवरब्रिज का निमार्ण कार्य शुरु होने जा रहा है। जिससे लोगो को जोधपुर ,पाली जाने के लिए फाटक बंद होने से परेशान होना पड़ रहा था। अब इस ब्रिज का निमार्ण से समस्या से निजात मिलेगी।

जालोर के नेशनल हाईवे-325 जालोर शहर में आहोर रोड पर रेलवे फाटक सी-48 पर फोर लेन रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया जायेंगा। उक्त एक किमी लम्बाई के ओवर ब्रिज में केन्द्र सरकार द्वारा राशि 92 करोड़ की स्वीकृति जारी की गई है। इस ओवर ब्रिज के निर्माण से ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

राष्ट्रीय राजमार्ग 68ए सांचौर-नेनावा तक निर्मित सड़क का लोकार्पण किया जायेंगा। 90 करोड़ की लागत से इस 12 किमी लंबे हाईवे के चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हो जाने से लोगों से आवागमन में सुविधा मिल रही है।

राष्ट्रीय राजमार्ग-68 गांधव-सांचोर-गुजरात बोर्डर तक सड़क सुदृढ़ीकरण का भी शिलान्यास सोमवार को किया जायेगा। इस 32 किमी हाईवे के सुदृढ़ीकरण हेतु मंत्रालय द्वारा 32 करोड़ की स्वीकृति जारी की गई है। पिण्डवाडा-उदयपुर पर एलिवेटेड रोड और रि-एलाइनमेन्ट का भी शिलान्यास किया जायेगा।

# एस.पी. ने पदक विजेताओं का सम्मान किया




जालोर के वीर वीरमदेव स्पोर्ट्स एकेडमी एवं आत्मरक्षा केन्द्र के पदक विजेताओं का एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने बहुमान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। वीर वीरमदेव स्पोर्ट्स एकेडमी एवं आत्मरक्षा केंद्र जिला स्टेडियम जालोर के मेडलिस्ट खिलाड़ियों का रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के मुख्य आतिथ्य में बहुमान समारोह आयोजित किया गया।

आत्मरक्षा केंद्र के वुशू प्रशिक्षक प्रीतमसिंह राठौड़ ने बताया कि हनुमानगढ में 16 वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं नेपाल काठमांडू में किक बोक्सिंग के इंवाईटेशन टूर्नामेंट में पदक प्राप्त खिलाड़ियों का बहुमान किया गया। समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना से कर भारतीय परंपरा अनुसार फूल ,माला एवं साफा पहनाकर अतिथियो का स्वागत किया गया।

इस मौके समारोह के मुख्य अतिथि हर्षवर्धन अग्रवाला ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपन को पूरी क्षमता एवं लग्न से समर्पण भाव से कार्य करना पड़ता है, ये आपने किया जिससे सफलता मिली आगे भी इसी हौसले से खेलने की नसीयत दी। समारोह के अध्यक्षता कर रही

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अनुकृति उज्जनिया ने भी शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ी, अभिभावकों एवं कुशल कोच की सफलता में भूमिका पर पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर सेंटपॉल सीनियर सेकंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य जो जो अब्राहम, चिकित्सा अधिकारी प्रकाश विशनोई एवं जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र स्टेडियम के प्रभारी रतनसिंह मंडलावत ने भी खेलों के महत्व पर अपने विचार रखे। वुशू कोच प्रीतम सिंह राठौड़ ने बताया प्रतियोगिता में पांच खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक व दो खिलाड़ियों ने रजत पदक एक खिलाडी ने कांस्य पदक प्राप्त किये। कोच प्रीतमसिंह ने बताया कि 21 किलो भार वर्ग में चित्राक्ष सक्सेना, 24 किलो भार वर्ग में अदित्यसिंह मंडलावत, 24 किलो भार वर्ग में सनाया बेनीवाल, 39 किलो भार वर्ग में हिमानी वैष्णव, 52 किलो भार वर्ग में निवेदिता राजपुरोहित राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। वही रजत पदक 33 किलो भार वर्ग में रक्षिता चौधरी, 45 किलो भार वर्ग में दिव्या गोदारा, कांस्य पदक 39 किलो भार में विहान राज सक्सेनान ने पदक जीते। हिमाचल प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में आत्मरक्षा केंद्र के पांच खिलाड़ी राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस मौके अवनीश सक्सेना, विपिन गुप्ता, विनोद कुमार चौधरी,रमेश वैष्णव, मनीष बेनीवाल, राष्ट्रीय खिलाडी विजेश कुमार, मुकेश कुमार ,दुष्यंत राव ,नरेंद्र चौधरी, राजेश लमोरिया,लक्ष्मण सुथार, लक्ष्मण गोदारा, सुरेंद्र सिंह,बजरंग सेन, शारदा गोस्वामी, राष्ट्रीय खिलाडी दीपिका राजपुरोहित,सीता देवी,नीरू कवर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सांचौर में ई.आर. प्रोजेक्ट के कार्यों का अवलोकन किया

**जालोर**, (कासं)। श्रम मंत्री सुखराम विश्नोई एवं जन अभाव निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने रविवार को नर्मदा परियोजना के अंतर्गत चल रहे ईआर प्रोजेक्ट के कार्यों का अवलोकन कर अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण

**■ श्रम मंत्री सुखराम विश्नोई ने प्रोजेक्ट की प्रगति देख कार्य को नियत समय पर पूरा करने के निर्देश दिये**

करने के निर्देश दिये। उन्होंने सांचौर उपखण्ड क्षेत्र में नर्मदा परियोजना के अंतर्गत पालडी सेक्शन पहुंच ईआर प्रोजेक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की प्रगति देखी। श्रम मंत्री सुखराम विश्नोई ने प्रोजेक्ट की प्रगति देख कार्य को नियत समय पर पूरा करने के निर्देश दिये।

वही जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने ईआर कलस्टर के कार्य को तय समय पर पूर्ण कर शीघ्र ही आमजन को पेयजल उपलब्ध करवाने की बात कही। ईआर प्रोजेक्ट का जायजा लेने के उपरान्त श्रम मंत्री एवं जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष ने सांचौर शहर स्थित निर्माणाधीन स्मृति वन पहुंचकर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान सांचौर उपखण्ड अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, नर्मदा परियोजना के अधीक्षण अभियंता के.एल.कांत, पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी व भूराराम सीरवी साथ रहे।

# मोदी का पसंदीदा कार्यक्रम है मन की बात : जोगेश्वर गर्ग



जालोर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पी.एम. नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के निर्देशानुसार रविवार को भाजपा नगर मंडल जालोर द्वारा सभी बूथों में मन की बात का लाइव प्रसारण किया गया।

नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर ने बताया कि जालोर शहर के सभी बूथों में मन की बात का लाइव प्रसारण किया गया। उसी कड़ी में वार्ड 38 में जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में व नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी की अध्यक्षता व पार्षद व बुथ अध्यक्ष हीराराम देवासी, शक्ति केंद्र संयोजक संजय बोराणा के विशिष्ठ आतिथ्य में मन की बात का लाइव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह 11 बजे से 11.30 बजे तक मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। मासिक रेडिया कार्यक्रम मन की बात का 9०वां एपिसोड रहा। इससे पहले प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में कई मुद्दों पर चर्चा की। हाल ही में युवाओं के आक्रोश को देखते हुए उन्होंने शुरू में इमरजेंसी के बारे में सवाल पूछा। पीएम ने बताया कि हमारे देश में ऐसा भी हुआ था कि आम नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए गए थे। लेकिन देश की जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से इमरजेंसी हटाई और लोकतंत्र स्थापित किया। प्रधानमंत्री ने स्पेस स्टार्टअप्स के उदाहरण दिए। गरीब परिवारों के सफल खिलाड़ियों के बारे में चर्चा की। अंत में उन्होंने कोरोना से बचाव व हर जगर साफ-सफाई का आग्रह किया। कार्यक्रम में विजयराम देवासी, सुरेश देवासी, हिमताराम माली व मोहन प्रजापत राहुल माली जोराराम देवासी संजू वैष्णव सहित कहि कार्यकर्ता वार्ड वासी उपस्थित थे।

प्रसारण के बाद विधायक जोगेश्वर गर्ग ने सभी वार्ड वासियों से उनके वार्ड की समस्याओं की जानकारी ली। वह शीघ्र ही समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होने सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि मोदी का सबसे पसंदीदा कार्यक्रम मन की बात है। इस कार्यक्रम में हम सब को बढ़-चढ़कर ने अपनी सहभागिता निभानी चाहिए।

धोरीमन्ना संवाददाता के अनुसार : धोरीमना स्थानीय कस्बे के डाक बंगला प्रांगण में रविवार सुबह 11 बजे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिनको भाजपा कार्यकर्ताओं ने डाक बंगला प्रांगण में मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा मंडल अध्यक्ष जय किशन भादू, कार्यक्रम संयोजक अनिल सेठिया, सह संयोजक जवानाराम गोसाई, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भजनलाल, ईशरवाल, धनराज शर्मा, मोहनलाल जाणी, जय किशन ढाका, रुक्मण राम सहित कई पार्टी कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।